मासिक परीक्षा जुलाई

कक्षा: XII

विषय: हिंदी

निर्धारित समय:90 मिनट. **अंक: 40**

सामान्य निर्देश :-

क.सभी प्रश्नों के अंक सामने दिए हुए हैं।

ख.दिये गये निर्देशों का पालन करें तथा स्वच्छता पर ध्यान दें।

ग. प्रश्नपत्र में कुल 9 प्रश्न हैं और सभी अनिवार्य हैं।

घ.सभी प्रश्नों के उत्तर यथासंभव क्रमानुसार लिखिए ।

प्रश्न I. अपठित गद्यांश आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए - 1×4=4

मनुष्य के जीवन में लक्ष्य का होना बहुत आवश्यक है। लक्ष्य के बिना जीवन दिशाहीन तथा व्यर्थ ही है। एक बार एक दिशाहीन युवा आगे बढ़े जा रहा था, राह में महात्मा जी की कुटिया देख रूककर महात्मा जी से पूछने लगा कि यह रास्ता कहाँ जाता है? महात्मा जी ने पूछा "तुम कहाँ जाना चाहते हो "? युवक ने कहा "मैं नहीं जानता मुझे कहाँ जाना है "। महात्मा जी ने कहा "जब तुम्हें पता ही नहीं है कि तुम्हें कहाँ जाना है, तो यह रास्ता कहीं भी जाए, इससे तुम्हें क्या फर्क पड़ेगा "? कहने का मतलब है कि बिना लक्ष्य के जीवन में इधर-उधर भटकते रहिये कुछ भी प्राप्त नहीं कर पाओगे । यदि कुछ करना चाहते तो पहले अपना एक लक्ष्य बनाओ और उस पर कार्य करो । अपनी राह स्वयं बनाओ। वास्तव में जीवन उसी का सार्थक है जिसमें परिस्थितियों को बदलने का साहस है। गांधीजी कहते थे कुछ न करने से अच्छा है, कुछ करना। जो कुछ करता है वही सफल-असफल होता है। हमारा लक्ष्य कुछ भी हो सकता है, क्योंकि हर इंसान की अपनी-अपनी क्षमता होती है और उसी के अनुसार वह लक्ष्य निर्धारित करता है। जैसे विद्यार्थी का लक्ष्य है सर्वाधिक अंक प्राप्त करना तो नौकरी करने वालों का लक्ष्य होगा पदोन्नति प्राप्त करना। इसी तरह किसी महिला का लक्ष्य आत्मनिर्भर होना हो सकता है। ऐसा

मानना है कि हर मनुष्य को बड़ा लक्ष्य बनाना चाहिए किन्तु बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए छोटे-छोटे लक्ष्य बनाने चाहिए। जब हम छोटे लक्ष्य प्राप्त कर लेते हैं तो बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने का हममें आत्मविश्वास आ जाता है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि जीवन में एक ही लक्ष्य बनाओ और दिन-रात उसी के बारे में सोचो। स्वप्न में भी तुम्हें वही लक्ष्य दिखाई देना चाहिए, उसे पूरा करने की एक धुन सवार हो जानी चाहिए । बस सफलता आपको मिली ही समझो। सच तो यह है कि जब आप कोई काम करते हैं तो यह जरुरी नहीं कि सफलता मिले ही लेकिन असफलता से भी घबराना नहीं चाहिए। इस बारे में स्वामी विवेकानंद जी कहते हैं कि हजार बार प्रयास करने के बाद भी यदि आप हार कर गिर पड़ें तो एक बार पुनः उठे और प्रयास करें। हमें लक्ष्य प्राप्ति तक स्वयं पर विश्वास रखना चाहिए।

1.युवक कहाँ जा रहा था?

i-दिशाहीन लक्ष्य की ओर ii. दिशासहित लक्ष्य की ओर

iii.लक्ष्य की ओर iv. मंजिल की ओर

2. किसी विद्यार्थी का लक्ष्य क्या होना चाहिए ?

i. आत्मनिर्भर होना ii. सर्वाधिक अंक प्राप्त करना iii. परीक्षा में उत्तीर्ण होना

iv. सफल बनना

3. किसका जीवन सार्थक है?

i-जो परिस्थितियों को बदलने का साहस रखता है ।

ii-जो परिस्थितियों को बदलने का साहस नहीं रखता है ।

iii. जो इधर - उधर भटकता रहता है।

iv. जो लक्ष्य की प्राप्ति नहीं कर पाता।

4. लक्ष्य के बिना जीवन कैसा हो जाता है ?

i. दिशाहीन ii. व्यर्थ iii. दिशाहीन व व्यर्थ iv.आत्मविश्वासी

II. निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 1×3=3

एक बार की बात कहता हूँ। मित्र बाजार गए तो थे कोई एक मामूली चीज़ लेने पर लौटे तो एकदम बहुत-से बंडल पास थे।

मैंने कहा-यह क्या?

बोले-यह जो साथ थीं।

उनका आशय था कि यह पत्नी की महिमा है। उस महिमा का मैं कायल हूँ। आदिकाल से इस विषय में पति से पत्नी की ही प्रमुखता प्रमाणित है। और यह व्यक्तित्व का प्रश्न नहीं, स्त्रीत्व

का प्रश्न है। स्त्री माया न जोड़े, तो क्या मैं जोड़ें? फिर भी सच सच है और वह यह कि इस बात में पत्नी की ओट ली जाती है। मूल में एक और तत्त्व की महिमा सविशेष है। वह तत्त्व है मनीबैग, अर्थात पैसे की गरमी या एनर्जी।

1.'उस महिमा का मैं कायल हूं।' यहां किसकी महिमा की बात कही गई है?

i.बाज़ार की महिमा ii. दोस्त की महिमा

iii.पत्नी की महिमा iv. भगत जी की महिमा

2.'आदिकाल से इस विषय में पति से पत्नी की ही प्रमुखता प्रमाणित है।' - यहां किस विषय में पत्नी की प्रमुखता बताई गई है?

i. पैसे बचाने में ii. खरीदारी करने में

iii. घर संभालने में iv.बातें करने में

3. निम्न कथन और निष्कर्ष पर विचार कीजिए-

(1) कथन : मन खाली नहीं रहना चाहिए।

(ब) निष्कर्ष : मन बंद रहना चाहिए।

इनमें से सही विकल्प चुनिए-

i. केवल अ ii. केवल ब

iii. अ और ब दोनों iv. कोई नहीं।

प्रश्न III.पठित पद्यांश आधारित निम्न प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए - 1×4=4

मैं जग जीवन का भार लिए फिरता हूँ ,

फिर भी जीवन में प्यार लिए फिरता हूँ;

कर दिया किसी ने झंकृत जिनको छूकर,

मैं सांसों के दो तार लिए फिरता हूँ!

मैं स्नेह सुरा का पान किया करता हूँ,

मैं कभी न जग का ध्यान किया करता हूं;

जब पूछ रहा है उनको, जो जग की गाते

मैं अपने मन का गान किया करता हूँ !

1.इस काव्यांश के कवि का नाम लिखिए-

i.हरिवंश राय बच्चन ii.अमिताभ बच्चन

iii. रघुवीर सहाय iv. महादेवी वर्मा

2. स्नेह-सुरा में कौन सा अलंकार है?

i. उपमा ii. रूपक

iii. उत्प्रेक्षा iv. मानवीकरण

3. कविता में हिन्दी की किस बोली का प्रयोग किया गया है?

i. ब्रजभाषा ii. खड़ी बोली

iii. राजस्थानी iii. इनमें से कोई नहीं

4..'जग जीवन का भार लिए फिरने' से कवि का क्या आशय है ?

i. भार जैसा जीवन ढोना

ii. सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए जिन्दगी जीना

iii. खा पीकर मस्त रहना

iv. इनमें से सभी

प्रश्न IV. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनिए - 1×3=3

सबसे तेज़ बौछारें गयीं, भादों गया,

सवेरा हुआ

ख़रगोश की आँखों जैसा लाल सवेरा,
शरद आया पुलों को पार करते हुए
अपनी नयी चमकीली साइकिल तेज़ चलाते हुए
घंटी बजाते हुए ज़ोर-ज़ोर से
चमकीले इशारों से बुलाते हुए
पतंग उड़ाने वाले बच्चों के झुंड को
चमकीले इशारों से बुलाते हुए और
आकाश को इतना मुलायम बनाते हुए
कि पतंग ऊपर उठ सके,
दुनिया की सबसे हलकी और रंगीन चीज़ उड़ सके,
दुनिया का सबसे पतला काग़ज़ उड़ सके ।

1. कवि ने तेज बौछारों के जाने के साथ ही किस महीने के भी चले जाने की बात कही है ?

i.सावन
ii. आषाढ
iii.अश्विन
iv.भादो।

2. शरद आया पुलों को पार करते हए' में अलंकार है-

i. उपमा
ii .रूपक
iii.मानवीकरण
iv. अतिशयोक्ति

3. शरद ऋतु , बच्चों के झुंड को कैसे इशारों से बुलाता है ?

i.तिरछे ii. सीधे iii. तीखे iv. चमकीले

प्रश्न V.निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50 से 60 शब्दों में लिखो - 3×2=6

1.बच्चे किस आशा से नीड़ों से झांक रहे होंगे ?

2. शीतल वाणी में आग होने का क्या अभिप्राय है?

3. पतंग कविता का भाव अपने शब्दों में लिखिए।

4. पतंग की उड़ान के साथ बच्चों का क्या सम्बन्ध बनता है?

प्रश्न VI. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 50 से 60 शब्दों में लिखो - 3×3=9

1. बाजार का जादू चढ़ने और उतरने पर मनुष्य पर क्या- क्या असर पड़ता है?

2.पाठ 'बाजार दर्शन' का आज की माल-संस्कृति से क्या संबंध बनता है ? परचेजिंग पावर माल संस्कृति को कैसे बढ़ावा दे रही है?

3. लेखक इंदर सेना के किन कार्यों को सही नहीं कहता है?वह इसके लिए क्या तर्क रखता है?

4. बारिश की समस्या से किस प्रकार छुटकारा पाया जाए, इसके लिए कोई दो तर्कसंगत उपाय लिखिए।

प्रश्न VII. वितान के पाठ सिल्वर वेडिंग के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 2×2=4

क. यशोधर बाबू समय के अनुसार क्यों नहीं ढल सके?

ख. यशोधर बाबू अपना गुरु किसे मानते थे और उन्हें बार-बार क्यों याद करते थे?

प्रश्न VIII निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> अप्रत्याशित विषय पर 125 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए - 1×4=4

1- क्या नहीं कर सकती नारी

2- बिन पानी सब सून **3.ऑनलाइन** शिक्षा

प्रश्न IX. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिये - 1×3=3

1.समाचार में ककारों की संख्या कितनी मानी गई है ?

i-पाँच ii- छह

iii- तीन iv - सात

2. टी.वी. पर प्रसारित खबरों में सबसे महत्वपूर्ण है-

i-विजुअल ii. नेट

iii- बाईट iv. उपर्युक्त सभी

3. लाइव से आशय है -

i. घटना स्थल से फोन से प्राप्त सूचना

ii. घटना स्थल से सीधा प्रसारण

iii. एक दिन पहले की घटना

iv. इनमें से कोई नही